ऐसा श्याम हमारा भजन लिरिक्स

हारों का एकमात्र सहारा,
दीनों का रखवाला,
निर्धन का धन निर्बल का बल,
पांडव कुल उजियारा,
ऐसा श्याम हमारा,
ऐंसा श्याम हमारा।bd।

जग ठुकराए जिनको बाबा,
उनको गले लगाए,
जो भी दर पे हार के आये,
उसको श्याम जिताये,
ना जाने कितनी तकदीरों,
को है इसने संवारा,
ऐंसा श्याम हमारा,
ऐंसा श्याम हमारा,
ऐंसा श्याम हमारा।bd।

बिना नब्ज़ पकडे ही बाबा,
रोग सही कर देता,
कलयुग का अवतारी दर पे,
मन चाहा वर देता,
पापी से भी पापी को,
दर पे है श्याम ने तारा,
ऐंसा श्याम हमारा,
ऐंसा श्याम हमारा,
ऐंसा श्याम हमारा।bd।

तू भी शरण में आजा प्यारे,
क्यों भटके बंजारा,
पाना है गर श्याम प्रेम तो,
लगा एक जयकारा,
जय श्री श्याम कहा 'गोलू' ने,
चमका आज सितारा,
ऐंसा श्याम हमारा,
ऐंसा श्याम हमारा,
ऐंसा श्याम हमारा।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

हारों का एकमात्र सहारा,
दीनों का रखवाला,
निर्धन का धन निर्बल का बल,
पांडव कुल उजियारा,
ऐसा श्याम हमारा,
ऐंसा श्याम हमारा।bd।

Singer – Priyanka Shyam Diwani

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com